## एआइ से डिजिटल गवर्नेंस तक

# विकसित भारत-2047 का डिजिटल रोडमैप जयपुर में होगा तैयार

### दो दिवसीय राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस, जयपुर में जुटेंगे 2700 से अधिक प्रतिनिधि

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** राजधानी जयपुर बुधवार से देश में डिजिटल गवर्नेंस के सबसे बड़े मंचों में से एक की मेजबानी करेगी। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआइसी) में दो दिवसीय 29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) का शुभारंभ होगा। 'विकसित भारत 2047: एआइ सक्षम, डेटा संचालित एवं सुरक्षित डिजिटल गवर्नेंस' थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से 2,700 से अधिक प्रतिनिधि, 200 से ज्यादा वक्ता, 1,100 स्टार्टअप तथा 400 शिक्षाविद और नीति-निर्माता भाग लेंगे। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सम्मेलन का उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे।

इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह में एनसीईजी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा और प्रदेश की विभिन्न जनोपयोगी डिजिटल सेवाओं की शुरुआत भी होगी। गुरुवार को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि होंगे।

### दो दिन में होंगे 12 तकनीकी सत्र

**सम्मेलन** के दौरान 6 प्लेनरी और 6 ब्रेकआउट सेशन आयोजित किए जाएंगे। 42 से अधिक प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।